देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 289 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...झारखंड का जनादेश



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 28 दिसंबर 2019



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 17.0° न्यूनतम 4.0°

41575.14

2 कजाखस्तान विमान हादसा, नौ की मौत

7 कनेरिया ने पाक का असली चेहरा दिखाया

# भारत-पाकिस्तान में बढ़े तनाव पर चीन की नजर

## मोदी कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा पर बढ़ते तनाव को देखते हुए पड़ोसी देश चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। चीन का कहना है कि वह स्थिति पर नजर बनाए हुए और सीमा पर बने हालात से चिंतित है। बता दें कि 2003 के सीजफायर समझौते का उल्लंघन करते हुए पाकिस्तानी सैनिक बार-बार भारतीय सीमा में गोलीबारी कर रहे हैं। हाल के समय में तनाव की स्थिति तब उत्पन्न हुई जब बुधवार को पाक की फायरिंग में एक जेसीओ शहीद हो गए थे और एक महिला की मौत हो गई थी। भारत ने पाकिस्तान की हिमाकत का करार जवाब देते हुए मोर्टार दागे और गोलीबारी की जिससे सीमा के दूसरी तरफ भारी नुकसान हुआ है।



भारतीय गोलाबारी में पाकिस्तानी ठिकानों को भी भारी नुकसान होने की खबर

**चीन रख रहा स्थिति पर नजर**

उधर, चीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, हमें संबंधित रिपोर्ट मिली है और हम मौजूदा स्थित से चिंतित हैं। भारत और पाकिस्तान पड़ोसी होने के नाते संयम बरतें। चीन दोनों से संयम बरतने और बातचीत के जरिए मतभेद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की अपील करता है। संयुक्त रूप से क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को बनाए रखें।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान पीओके के अंदर गांवों में तोप और मोर्टार तैनात कर भारत में आबादी को निशाना बना रहा है।

**भारत ने दिया हिमाकत का जवाब**

रामपुर सेक्टर (उरी के करीब) में बुधवार को पाकिस्तान की ओर से संघर्षविराम का उल्लंघन किया गया था जिसमें सूबेदार वीराश कुरहाठी शहीद हो गए थे। बारामुला जिले के कई सेक्टरों में नागरिक और रक्षा ठिकानों को भी निशाना बनाया था। गोलीबारी से ग्रामीणों में खौफ का माहौल है। वहीं, भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए मोर्टार दागे और तोप से गोलाबारी की। सैन्य सूत्रों के मुताबिक भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के 3 से 4 सैनिक ढेर हुए हैं।

# ग्लोबल मंदी से सबसे पहले उबरने वाला देश बनेगा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

शिमला। गृह मंत्री अमित शाह ने भरोसा जताया है कि देश में मंदी का माहौल जल्द ही खत्म होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए पीएम मोदी की अगुआई में दिन-रात काम हो रहा है। अमित शाह हिमाचल प्रदेश के शिमला में आयोजित इनवेस्टर समिट के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। राइजिंग हिमाचल प्रदेश इन्वेस्टर्स मीट में मंदी की चर्चा पर अमित शाह ने कहा, मैं उद्योग जगत को विश्ध्वास दिलाना चाहता हूं कि जो आज ग्लोबल मंदी का जो अस्थायी असर दिखाई दे रहा है। मोदी के नेतृत्व में निर्मला सीतारमण, अनुराग ठाकुर दोनों दिन रात परिश्रम करके अलग-अलग योजनाएं लाकर इससे लड़ने के लिए एक अच्छा प्लैटफॉर्म बना रहे हैं। मुझे भरोसा है कि कुछ समय में हम दुनिया में ग्लोबल मंदी से बाहर निकलने वाली सबसे पहली अर्थव्यवस्था होंगे।

**हिमाचल पर विशेष ध्यान**

इससे पहले गृह मंत्री ने कहा, आज हिमाचल प्रदेश में 13,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश धरातल पर उतरे हैं। इसके लिए मैं प्रदेश सरकार को बधाई देता हूं। भारत सरकार का बहुत विशेष ध्यान हिमालय के राज्यों पर है और हिमाचल पर तो विशेष ध्यान इसलिए भी है क्योंकि मोदी जी को हिमाचल से बहुत लगाव है। मोदी ने मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेंस का जो सूत्र अपनाया है।

**भरोसा**

देश पर से वैश्विक मंदी का असर जल्द ही खत्म होगा: शाह

**पांच साल 142वें से 63वें नबर पर पहुंचा भारत**

अमित शाह ने दावा किया कि 2014 में जब नरेन्द्र मोदी सरकार आई तब विश्व की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की तालिका में भारत 142वें नंबर पर था। लेकिन मोदी सरकार ने महज पांच साल में देश को 142 नंबर से 63 नंबर पर ले जाने का काम किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### संत-महंतों ने इकबाल अंसारी को किया सम्मानित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी अयोध्या में गुरुवार को पश्चिम बंगाल के ओमकारनाथ देव मिशन की तरफ से अदालत में बाबरी मस्जिद के मुद्दई रहे मोहम्मद इकबाल अंसारी को सम्मानित किया गया। सुरसर राम जानकी मंदिर वासुदेव घाट पर आयोजित चार दिवसीय हिंदू सनातन धर्म सम्मेलन में संत-महंतों ने अंसारी की जमकर तारीफ की।

संतों ने कहा कि अगर इकबाल अंसारी जैसे देश के सारे मुसलमान हो जाएं तो देश सांप्रदायिक सद्भाव की नई मिसाल कायम करेगा।

### मौसम विभाग ने जारी किया 2 जनवरी तक का पूर्वानुमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बीते 118 वर्षों में 2019 दूसरा ऐसा साल है जब दिल्ली में इतनी ज्यादा ठंड हुई है। ठंड का कुछ ऐसा ही प्रकोप देश के अन्य हिस्सों पर भी है। मौसम विभाग का कहना है कि इस कड़कड़ाती ठंड से तुरंत छुटकारा मिलने भी नहीं जा रहा है। विभाग ने जारी अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले दो दिनों तक देश के अलग-अलग हिस्सों में कड़ाके की ठंड रहेगी।

### कांग्रेस आज देशभर में संविधान बचाओ मार्च करेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ जारी विरोध-प्रदर्शन के बीच कांग्रेस ने शनिवार को अपने 134वें स्थापना दिवस पर शनिवार को देशभर में संविधान बचाओ-भारत बचाओ संदेश के साथ मार्च करेगी। शनिवार सुबह कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के झंडे को फहराएंगी। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी असम के गुवाहाटी में रैली को संबोधित करेंगे जहां वह नागरिकता (संशोधन) कानून और अन्य मुद्दों को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोलेंगे। प्रियंका लखनऊ में कांग्रेस स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगी।

# नागरिकता पर सियासी वार

## नागरिकता संशोधन कानून: शाह का राहुल गांधी को चैलेंज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

शिमला। नागरिकता संशोधन कानून को लेकर कांग्रेस पर एक बार फिर से गृह मंत्री अमित शाह ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐंड कंपनी अफवाह फैला रही है कि यह ऐक्ट अल्पसंख्यकों की नागरिकता को छीन लेगा। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर वार करते हुए उन्होंने कहा, श्राहुल बाबा मैं आपको चौलेंज देता हूं कि इस कानून में एक भी जगह किसी की भी नागरिकता लेने का प्रावधान है तो दिखाइए।

उन्होंने कहा, देश के सभी मुसलमान भाई-बहनों से अपील है कि पहले खुद नागरिकता संशोधन अधिनियम को समझें और फिर दूसरों को भी समझाएं। नहीं तो झूठ और भ्रम



फैलाने वाले राजनीतिक दल अपने वोट बैंक के स्वार्थ के लिए हमें आपस में यूँ ही लड़ाते रहेंगे।

**नेहरू-लियाकत समझौते फेल होने की वजह से आया ऐक्ट**

शिमला में हिमाचल प्रदेश सरकार के दो साल पूरे होने के मौके पर अमित शाह ने कहा कि 1950 में नेहरू-लियाकत समझौता हुआ, जिसके तहत यह तय हुआ था कि दोनों देश अपने यहां अल्पसंख्यकों का संरक्षण करेंगे। लाखों-करोड़ों शरणार्थियों की कोई सुध नहीं ले रहा था।

**कश्मीर में अब शान से लहरा रहा है तिरंगा:** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने पर मोदी सरकार की सराहना करते हुए शाह ने कहा, हम सब बचपन से नारा लगाते थे कि इस देश में दो निशान, दो प्रधान और दो संविधान नहीं चलेंगे। लेकिन वर्षों तक कुछ नहीं हुआ। लेकिन आज जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त हो गया है। आज तिरंगा कश्मीर में आसमान की बुलंदियों को छूता हुआ शान से लहरा रहा है।

### राहुल ने बताया गरीबों पर टैक्स

रायपुर। नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी पर जारी बवाल के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा कि सीएए और एनआरसी गरीबों पर हमला बताते हुए कहा कि यह नागरिकता का टैक्स है।

**बीजेपी का पलटवार:** नैशनल पॉपुलेशन रजिस्टर और नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस को देश के गरीबों पर टैक्स बताने संबंधी राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी ने तीखा हमला बोला है। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने राहुल को साल 2019 का सबसे बड़ा झूठा बताते हुए कहा कि टैक्स और करप्शन तो कांग्रेस का कल्चर है।

## सीएए के खिलाफ जामा मस्जिद के पास प्रदर्शन शुरू, पुलिस सतर्क

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता कानून के विरोध में जुमे की नमाज के बाद जामा मस्जिद बाहर प्रदर्शनकारी जुटे हुए हैं। यहां पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी है और कई टुकड़ियां तैनात हैं। जोरबाग में भीम आर्मी के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लोक कल्याणा मार्ग मेट्रो स्टेशन के एंट्री और एग्जिट गेट को बंद कर दिया गया है। यहां मेट्रो ट्रेन नहीं रूक रही है। बता दें कि पिछले शुक्रवार को राजधानी में प्रदर्शन हिंसक हो गया था जिसके बाद 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी थी। आज भी दिल्ली के संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने फ्लैगमार्च किया और ड्रोन के जरिए भी निगरानी की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि सुरक्ष व्यवस्था के लिए सीलमपुर, वेलकम, जामा मस्जिद, मुस्तफाबाद समेत कई संवेदनशील इलाकों में पुलिस तैनात है और लागातार शांति की अपील की जा रही है। दिल्ली के आसपास के इलाकों में शुक्रवार को इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। भीम आर्मी के नेता चंद्रशेखर की रिहाई के लिए भी प्रदर्शन किया जा रहा है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**

All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**

1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**

A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact:

**Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in

# भारतीय सेना का मुंहतोड़ जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■ पाकिस्तान के 4 जवान ढेर- सैन्य सूत्र

पुंछ। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की ओर से सीजफायर के उल्लंघन का मुंहतोड़ जवाब देते हुए उसके 3-4 सैनिकों को मार गिराया है। गुरुवार रात पुंछ-राजौरी सेक्टर में एलओसी के नजदीक पाकिस्तान की तरफ से अचानक भारी गोलीबारी और बमबारी शुरू हो गई। पाकिस्तान की ओर से मोर्टार भी दागे गए। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तानी चौकियों को निशाना बनाया। सैन्य सूत्रों का दावा है कि इस दौरान 3 से 4 पाकिस्तानी सैनिक भी ढेर हुए।

भारत की ओर से दागे गए मोर्टार और भारी गोलाबारी में पाकिस्तानी ठिकानों को भी नुकसान पहुंचा है। इससे पहले बुधवार को पाकिस्तानी फायरिंग में भारत के एक जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद भारतीय सेना ने साफ किया कि अगर एलओसी पर भारत का एक भी सैनिक शहीद हुआ तो पाकिस्तान के कम से कम तीन जवान मारे जाएंगे।